# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 30.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लडाई अडिग है और कभी नहीं रूकेगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का खतरा सीमापार से हो या देश के भीतर से उसे कुचलने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं।

*******************

केंद्र सरकार ने ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वॉकी–टॉकी सहित अन्य रेडियो वायरलेस उपकरणों की अवैध लिस्टिंग और बिक्री की रोकथाम तथा विनियमन के लिए नए दिशा–निर्देश अधिसूचित किए हैं। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि वायरलेस ऑपरेटिंग लाइसेंस की आवश्यकता या लागू कानूनों के अनुपालन के बारे में अनिवार्य तथा स्पष्ट खुलासे के बिना ही ट्रांसमीटर तथा वायरलेस वॉकी–टॉकी बेचे जा रहे हैं। नए दिशा–निर्देश के अनुसार उपकरणों की अनाधिकृत बिक्री को नियंत्रित करने के लिए जारी किए गए हैं।

*******************

प्रसार भारती–प्रसारण और प्रसार के लिए साझा ऑडियो–विजुअल, पीबी शब्द ने यूट्यूबर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो संपादकों को निःशुल्क सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। पीबी शब्द कॉपीराइट–मुक्त, प्रामाणिक और उपयोग में सुरक्षित सामग्री के लिए एक उत्कृष्ट स्रोत है।

*******************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में आज केंद्र संचार ब्यूरो और पत्र सूचना कार्यालय रांची की ओर से योगाभ्यास और योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। **एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग** थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक आलोक द्वारा सत्र आयोजित किया गया। केंद्र संचार ब्यूरो रांची के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सीबीसी और पीआईबी रांची के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी विधायक कल्पना सोरेन और परिवार के साथ रुद्रप्रयाग स्थित केदारनाथ धाम में पूजा–अर्चना की। उन्होंने झारखंड के विकास और राज्यवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की।

*******************

भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लातेहार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

*******************

लातेहार के चंदवा थाना पुलिस ने एनएच–39 स्थित लुकुईया मोड़ से दो कारों में छिपाकर ले जाए जा रहे 30 किलो मादक पदार्थ के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया सभी तस्कर बिहार के रहनेवाले हैं और मादक पदार्थ लेकर वहां जाने की तैयारी में थे। छापेमारी के दौरान चार मोबाइल फोन भी जब्त किए गए।

*******************

राज्य में आज कई हिस्सों में आंधी और गरज–चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। साथ ही 30–40 किलोमीटर प्रति घंटा चलने वाली तेज़ हवा की चेतावनी भी जारी की गई है। मौसम केंद्र ने आज और कल राज्य के विभिन्न जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की संभावना जताई है।

*******************

आईपीएल टी20 क्रिकेट में, कल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

***************